VIDYA SHREE ACADEMY
SR. SEC. SCHOOL
An English Medium Co.Ed. School | Science & Commerce
W : www.vsajaipur.com | E : vsajaipur@gmail.com M. : +91 9460356652, 8058999828
Add. : 84, Krishna Vihar, Behind Narayan Niwas, Gopalpura Bypass, Jaipur - 302015
/vsajaipur | /vsajaipur | /vidyashreeacademy | /vsa_jaipur

**Subject – Hindi.** **Lesson –2 जल बैंक** **class – 7th**

## Worksheet

### लिखित

1. संकेत गद्यांश को पाठ में ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–
**संकेत**– तभी चिंतामणि की आँखें ................................................. रखकर व्यंग्य कसा। (पृष्ठ-14)
(क) चिंतामणि किस दुनिया में खोया हुआ था?
(ख) चिंतामणि ने किस बात के लिए धन्यवाद दिया?
(ग) चिंतामणि पर व्यंग्य किसने कसा?
2. अति लघु उत्तर लिखिए–
(क) समाचार के माध्यम से चिंतामणि को किसके बारे में पता चला?
(ख) सावधि जमा योजना में सालभर बाद दस बालटी पानी के बदले कितना पानी मिलेगा?
(ग) ए०टी०एम० से पानी निकालने के लिए क्या शर्त है?
3. लघु उत्तर लिखिए–
(क) 'यह तो आम जनता है, जो पानी-पानी हो रही है, बिना पानी के।' इस पंक्ति का क्या अर्थ है?
(ख) जल बैंक में खाता कैसे खुलेगा?
(ग) सपनों की दुनिया से निकलने के बाद चिंतामणि को किस बात की चिंता होने लगी?
4. दीर्घ उत्तर लिखिए–
(क) यदि घर में पीने के लिए एक बूँद पानी नहीं है तो जल बैंक आपकी मदद कैसे करेगा?
(ख) पानी के लिए जूझ रहे रिश्तेदार की मदद करने के लिए आप क्या करेंगे?

### पाठ से आगे

**आपकी सोच-समझ**

(क) 'चिंतामणि का जैसा नाम था वैसा ही स्वभाव था।' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? कारण सहित उत्तर लिखिए।
(ख) हमारी पृथ्वी के ज़्यादातर भाग पर पानी है, तो फिर पीने के पानी की समस्या क्यों उत्पन्न होती है?

**अनुमान और कल्पना**

☞ यदि चिंतामणि का सपना हकीकत में बदल जाए तो क्या होगा?

### भाषा ज्ञान — संज्ञा, संज्ञा के भेद, मुहावरे

1. किसी प्राणी, स्थान, वस्तु या भाव के नाम को **संज्ञा** कहते हैं; जैसे– सावित्री, हरिद्वार, खुशी।
दिए गए वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित करके अलग लिखिए–
(क) चिंतामणि बैठे-बैठे टेलीविज़न देख रहा था। ..........................................
(ख) मिसेज शर्मा के हाथ की बनाई चाय पिएँगे। ..........................................
(ग) उसे दस बालटी ज़्यादा पानी मिल गया है। ..........................................
(घ) बैंक की इमारत के ऊपर बड़ी-बड़ी टंकियाँ हैं। ..........................................
(ङ) रामदयाल अपने दोस्त के घर गया।



o

2. संज्ञा के तीन भेद होते हैं– **व्यक्तिवाचक संज्ञा** (स्मिता, मथुरा आदि), **जातिवाचक संज्ञा** (अध्यापक, बच्चे आदि) तथा **भाववाचक संज्ञा** (अच्छाई, विनम्रता आदि)

रेखांकित शब्दों में संज्ञा का कौन-सा भेद है? ✓ निशान लगाकर बताइए–

(क) चिंता की गहराई में उसकी आँख लग गई।

व्यक्तिवाचक संज्ञा ☐ जातिवाचक संज्ञा ☐ भाववाचक संज्ञा ☐

(ख) रामदयाल ने मौका देखते ही चौका मारा।

व्यक्तिवाचक संज्ञा ☐ जातिवाचक संज्ञा ☐ भाववाचक संज्ञा ☐

(ग) आपका रिश्तेदार पानी के लिए जूझ रहा है।

व्यक्तिवाचक संज्ञा ☐ जातिवाचक संज्ञा ☐ भाववाचक संज्ञा ☐

(घ) चिंतामणि को सपना देखने के बाद घबराहट होने लगी।

व्यक्तिवाचक संज्ञा ☐ जातिवाचक संज्ञा ☐ भाववाचक संज्ञा ☐

3. कोष्ठक में दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाकर खाली जगह भरिए–

(क) चिंतामणि ........................ से ही हर बात पर चिंता करता था। (बच्चा)

(ख) ........................ की जाँच के बाद बचा पानी आपके नाम से रख दिया जाएगा। (शुद्ध)

(ग) लोगों को पानी ........................ से उपलब्ध नहीं था। (सरल)

(घ) हमें पानी बचाने के प्रति लोगों में ........................ लानी होगी। (जागरूक)

4. दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर इनका वाक्य-प्रयोग कीजिए–

(क) आँख लगना (ख) पैर पसारना

## रचनात्मक अभिव्यक्ति

### ये भी जानें

- अपने किसी रिश्तेदार या सगे-संबंधी को पैसे भेजने के लिए एम०टी० यानी 'मेल ट्रांसफर' और टी०टी० यानी 'टेलीग्राफ़िक ट्रांसफर' का इस्तेमाल करते हैं। डी०डी० का पूरा नाम 'डिमांड ड्राफ्ट' है जो बैंक द्वारा किसी के नाम पर जारी किया जाता है।
- पृथ्वी पर जल का स्तर दिन-ब-दिन कम होता जा रहा है जिससे हमें आने वाले समय में भारी संकट का सामना करना पड़ सकता है। इस संकट से बचने के लिए 'जल संसाधन मंत्रालय' के द्वारा बारिश के जल को कृत्रिम तालाब बनाकर उसमें संरक्षित किया जाता है तथा आवश्यकता पड़ने पर उस जल का प्रयोग किया जाता है।

### परियोजना-निर्माण

- यह पाठ आपको कैसा लगा? info@cordova.co.in पर मेल करके बताइए।
- आप अपने विद्यालय में जल का दुरुपयोग होने से रोकने के लिए क्या-क्या करेंगे? इस बारे में कुछ महत्त्वपूर्ण बिंदुओं की सूची बनाकर अध्यापक/अध्यापिका की मदद से 'जल संरक्षण जागरूकता अभियान' की शुरुआत कीजिए। इस अभियान में आपको पानी बचाने के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कुछ सूक्तियों की ज़रूरत होगी। नीचे कुछ सूक्तियाँ दी जा रही हैं, आप इनसे मदद लेकर और भी कई सुंदर-सुंदर सूक्तियाँ बनाकर अपने विद्यालय में लगा सकते हैं–

(i) पानी है अमूल्य, पानी बचाने में आपका सहयोग होगा बहुमूल्य। (ii) पानी की रक्षा, देश की सुरक्षा।



o

### ोध

- समर्सिबल पंप क्या है? इससे किस तरह भूजल के स्तर को हानि पहुँच रही है?

### से भी हल करें

- यदि 50 हजार लीटर पानी का ऋण चुकाने के लिए दस महीने में 60 हजार लीटर पानी देना पड़ता है तो 60 हजार लीटर पानी का ऋण बारह महीने में चुकाने के लिए कितना पानी देना पड़ेगा?

### ेखन

- पानी हमारे जीवन में बहुत कीमती है। क्या आप जानते हैं कि कुछ कामों को सही तरीके से करने से आप भी पानी के दुरुपयोग को रोककर इसकी बचत कर सकते हैं। दिए गए चित्रों में पानी का दुरुपयोग हो रहा है। आप पानी का सदुपयोग कैसे करेंगे? उदाहरणानुसार लिखकर बताइए–

**दुरुपयोग** | **सदुपयोग**

1.


1. फव्वारे (शॉवर) की जगह बालटी में पानी भरकर नहाने से पानी को बचाया जा सकता है।

2.


2.

3.


3.

4.


4.

**पाठ में प्रयुक्त शब्दों की वर्तनी के पुराने और नए रूप**

| पुराना रूप | नया रूप | पुराना रूप | नया रूप | पुराना रूप | नया रूप |
|---|---|---|---|---|---|
| चक्रवृद्धि | चक्रवृद्धि | शुद्धता | शुद्‍धता | बाल्टी | बालटी |
| ठण्डक | ठंडक | चिन्ता | चिंता | बर्तन | बरतन |

## Answer key

# जल बैंक

(शिक्षाप्रद कहानी)

**2**

**सारांश**–यह एक शिक्षाप्रद कहानी है। इस पाठ के माध्यम से पानी के महत्त्व तथा पानी के दुरुपयोग से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में बताया गया है। चिंतामणि अपने नाम के अनुसार हर बात पर चिंता करता है। एक दिन वह बैठे-बैठे टेलीविज़न पर समाचार देख रहा था। पहली ख़बर थी– 'पानी की किल्लत से लोग बूँद-बूँद के लिए तरस रहे हैं।' पानी की चिंता में चिंतामणि ऐसा डूबा कि सपनों की दुनिया में खो गया। सपने में वह जल बैंक का सपना देखता है जिसमें लोगों को दस बालटी के बदले सालभर बाद बारह बालटी पानी मिल जाएगा। रिश्तेदारों को पानी भेजने के लिए ड्राफ्ट, एम॰टी॰ या टी॰टी॰ का इस्तेमाल कर सकते हैं। जब चिंतामणि सपनों की दुनिया से बाहर आता है तो सबसे पहले इस बात का धन्यवाद देता है कि यह केवल एक सपना था। अब उसे पानी के दुरुपयोग को रोकने की सूझती है। वह अपने दोस्त रामदयाल के साथ मिलकर इस समस्या से निजात पाने की योजना बनाता है।

**मूल्य**–जल ही जीवन है। इसे बेकार में न बहाएँ।

### अभ्यास

❑ पाठ से

**मौखिक**

**सोचिए और बताइए–**

(क) इस कल्पना के पीछे पानी की कमी का संकेत है।

(ख) जिन लोगों के घरों में नहा-धोकर, कपड़े-बरतन निपटाने के बाद घर में पीने के लिए भी एक बूँद पानी नहीं है, उस हालात में जल बैंक 24 घंटे सहायता के लिए तैयार रहता है।

(ग) चिंतामणि और रामदयाल ने पानी बचाने के बारे में सोचा। उन्होंने तरकीब निकाली कि उनकी कॉलोनी में यदि कोई व्यक्ति पानी का दुरुपयोग

(18)

करेगा तो उसे मना करेंगे। यदि वह मान जाता है तो ठीक है वरना मणिशंकर जी के ऊपर आज़माने वाली युक्ति अपना लेंगे।

(घ) चिंतामणि की चिंता का अंत करने के लिए हम पानी का दुरुपयोग होने से रोकेंगे; जैसे कि-नहाते समय फव्वारे की जगह बालटी का उपयोग करेंगे, ब्रश करते समय व्यर्थ में पानी नहीं बहाएँगे, बरतन के भर जाने के बाद नल को बंदर कर देंगे आदि।

**लिखित**

**1. संकेत गद्यांश को पाठ में ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

(क) चिंतामणि सपनों की दुनिया में खोया हुआ था।

(ख) पानी की किल्लत और जल बैंक हकीकत नहीं, सपना था– चिंतामणि ने इस बात के लिए धन्यवाद दिया।

(ग) चिंतामणि पर उनके दोस्त रामदयाल ने व्यंग्य कसा।

**2. अति लघु उत्तर लिखिए–**

(क) समाचार के माध्यम से चिंतामणि को पानी की किल्लत के बारे में पता चला।

(ख) सावधि जमा योजना में सालभर बाद दस बालटी के बदले बारह बालटी पानी मिलेगा।

(ग) आपके खाते में पानी जमा होना चाहिए।

**3. लघु उत्तर लिखिए–**

(क) आम जनता पानी प्राप्त करने के लिए कोशिश करती है और पसीने-पसीने होकर बिना पानी के ही रह जाती है।

(ख) जल बैंक में खाता खोलने हेतु सादे खाते के लिए दो बालटी तथा चेक-बुक वाले खाते के लिए चार बालटी पानी चाहिए। इसके साथ नल कनेक्शन का प्रमाण-पत्र, नल का फ़ोटो और लहरों से लहराते हस्ताक्षर चाहिए।

(19)

(ग) सपनों की दुनिया से निकलने के बाद चिंतामणि को इस बात की चिंता होने लगी कि यदि पानी का दुरुपयोग नहीं रोका गया तो कहीं ये सपना सच न हो जाए।

4. दीर्घ उत्तर लिखिए–

(क) ऐसे हालात में जल बैंक आपकी सहायता के लिए 24 घंटे तैयार रहेगा। बस आपका मकान गिरवी रहेगा। तुरंत पचास हज़ार लीटर पानी का ऋण मिल जाएगा। आपको बस हर महीने पाँच हज़ार लीटर मूल और एक हज़ार लीटर सूद भरना होगा।

(ख) पानी से जूझ रहे रिश्तेदारों को आप बैंक के माध्यम से अपना अतिरिक्त जल ड्राफ्ट बनवाएँगे या कोरियर, वरना एम०टी० या टी०टी० द्वारा भेज सकते हैं। पाँच हज़ार लीटर भेजने के लिए केवल तीन बालटी का ख़र्चा होगा। यदि यह तकनीक न जमे तो बैंक ए०टी०एम० कार्ड आप अपने रिश्तेदार को दे दें और आप अपने खाते में पानी जमा करें। बटन दबाते ही ए०टी०एम० के नल से आदेशानुसार पानी निकलना शुरू हो जाएगा।

❑ **पाठ से आगे** (पाठ से आगे के प्रश्नों को अध्यापक/अध्यापिका इच्छानुसार लिखित या मौखिक रूप में करा सकते हैं।)

**आपकी सोच-समझ**

(क) हाँ, हम इस कथन से सहमत हैं क्योंकि नाम के अनुरूप ही वह चिंता में डूबे रहते थे। जैसा कि सपनों की दुनिया में जाकर उन्हें पानी की किल्लत और बैंक संबंधी चिंताएँ हो गई थीं।

(ख) क्योंकि पानी की ज़्यादातर मात्रा दूषित हो रही है तथा हम व्यर्थ में पानी को बहाकर बरबाद कर रहे हैं।

**अनुमान और कल्पना**

- यदि ऐसा हो जाए तो हमारे आस-पास की तसवीर ही बदल जाएगी, बीमारियाँ फैलने लगेंगी तथा धरती पर जीवन जल्द ही नष्ट हो जाएगा।

❑ **भाषा ज्ञान**

1. **दिए गए वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित करके अलग लिखिए–**

(क) चिंतामणि, टेलीविज़न (ख) मिसेज शर्मा, हाथ, चाय



(ग) बालटी, पानी (घ) बैंक, इमारत, टंकियाँ

(ङ) रामदयाल, दोस्त

2. **रेखांकित शब्दों में संज्ञा का कौन-सा भेद है? ✓ निशान लगाकर बताइए–**

(क) भाववाचक संज्ञा (ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ग) जातिवाचक संज्ञा (घ) भाववाचक संज्ञा

3. **दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाकर खाली जगह भरिए–**

(क) बचपन (ख) शुद्धता (ग) सरलता (घ) जागरूकता

4. **दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर इनका वाक्य-प्रयोग कीजिए–**

(क) आँख लगना – नींद आना

समाचार देखते-देखते चिंतामणि की आँख लग गई।

(ख) पैर पसारना – फैलना

अभी उसकी इस चिंता ने पैर पसारा ही था कि उसे एक झटका लगा।

**रचनात्मक अभिव्यक्ति**

❑ **परियोजना-निर्माण**

- जल संरक्षण अभियान हेतु सूक्तियाँ बनाने के लिए प्रोत्साहित करें।

❑ **शोध**

- यह पंप धरती को गहराई तक खोदकर धरती के अंदर से पानी निकालने के लिए प्रयोग में लाया जाता है। इसके कारण धरती में जल के स्तर को हानि पहुँच रही है क्योंकि अब ज़्यादातर लोग इस प्रक्रिया के द्वारा जल प्राप्त करते हैं और जल का स्तर नीचे और नीचे गिरता जा रहा है।

❑ **इसे भी हल करें**

- 72 हज़ार लीटर

पाठ के अनुसार पाँच हज़ार मूल और एक हज़ार सूद भरना है। इस आधार पर–

$5000 \times 12 + 1000 \times 12 = 72000$

❑ **लेखन**

- बच्चों को चित्र देखकर उदाहरणानुसार पानी के सदुपयोग के तरीके लिखने के लिए प्रोत्साहित करेंगे–



o